आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 03.08.2024

मुख्य समाचारः—

1— मुख्यमंत्री ने आज आरंग में पांच कन्या छात्रावासों का किया शुभारंभ—प्रदेश के सभी हॉस्टल, छात्रावासों में दो हजार सीटों की वृद्धि करने की घोषणा की।

2— प्रदेश के किसान अब सोलह अगस्त तक खरीफ कृषि फसल और मौसम आधारित उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकेंगे।

3— लोकपर्व 'हरेली' कल मनाया जाएगा—मुख्यमंत्री निवास में त्यौहार को लेकर की जा रही है तैयारियां।

4— मौसम विभाग ने कल प्रदेश के एक—दो स्थानों पर भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की दी चेतावनी।

मुख्यमंत्री—शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर जिले के आरंग में पांच कन्या छात्रावासों का शुभारंभ किया। इन छात्रावासों के शुरू होने से अनुसूचित जाति की तीन सौ छात्राओं की अपनी पढ़ाई के लिए आवासीय सुविधा मिलेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी हॉस्टल, छात्रावासों में दो हजार सीटों की वृद्धि करने की घोषणा की। साथ ही मुख्यमंत्री ने आरंग एसडीएम और तहसील कार्यालय के कर्मचारियों के लिए आवास के निर्माण, आरंग रेस्ट हाउस का विस्तार और जीर्णोद्धार करने की भी घोषणा की।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रमिक कल्याण की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को भी लाभान्वित किया। उन्होंने मिनीमाता महतारी योजना के तहत श्रमिक परिवार की दस महिलाओं को बीस—बीस हज़ार रुपये की सहायता दी। श्री साय ने नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत श्रमिक परिवार की लगभग पंद्रह मेधावी छात्राओं को भी बीस—बीस हज़ार रुपये की राशि के चेक वितरित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कन्या छात्रावास परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रामफल के पौधे का रोपण किया।

मुख्यमंत्री—फोरलेन स्वीकृति

केन्द्र सरकार ने रायपुर से रांची नेशनल हाईस्पीड कॉरीडोर प्रोजेक्ट के तहत पत्थलगांव—जशपुर से गुमला—झारखंड तक के लिए हाईस्पीड फोरलेन सड़क की स्वीकृति दे दी है। इससे छत्तीसगढ़ और झारखंड के विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस परियोजना की स्वीकृति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा है कि इस सड़क के निर्माण से रायपुर और रांची के बीच यात्रा सुगम होने के साथ—साथ समय की भी बचत होगी।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल में पचास हजार छह सौ पचपन करोड़ रूपए की लागत और लगभग नौ सौ छत्तीस किलोमीटर लंबाई की आठ राष्ट्रीय हाईस्पीड सड़क परियोजनाओं की स्वीकृति दिए जाने की जानकारी ट्वीटर पर साझा की है।

फसल बीमा—तिथि

प्रदेश के ऋणी और अऋणी किसान अब सोलह अगस्त तक खरीफ कृषि फसल और मौसम आधारित उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकेंगे। राज्य सरकार के प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार ने फसल बीमा कराए जाने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। पहले यह तिथि इकतीस अगस्त तक निर्धारित थी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कृषि विभाग के अधिकारियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए किसानों को मार्गदर्शन देने और उनका पंजीयन कराने को कहा है, ताकि प्राकृतिक आपदा से फसल नुकसान होने पर उन्हें क्षतिपूर्ति मिल सके। राज्य के किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत धान सिंचित, असिंचित, सोयाबीन, मूंगफली, मक्का, मूंग, उड़द, कोदो—कुटकी और रागी फसल का बीमा करा सकते हैं।

भाजपा—बैठक

भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नबीन ने आज रायपुर में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों और पार्टी कोरग्रुप की बैठक ली। बैठक में श्री नबीन ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और नगरीय निकाय चुनाव के अलावा हर—घर तिरंगा अभियान और विभाजन विभीषिका दिवस को लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी ग्यारह से चौदह अगस्त तक हर—घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाए। इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अग्रणी भूमिका निभाएं। साथ ही तेरह से पन्द्रह अगस्त तक हर कार्यकर्ता सभी

घर और व्यावसायिक केन्द्रों में हर–घर तिरंगा फहराने के लिए आगे आएं। उन्होंने यह भी कहा कि इन कार्यक्रमों में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि वे राष्ट्रीय एकता की भावना से ओत–प्रोत रहें। श्री नबीन ने कहा कि चौदह अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। इस अवसर पर संगोष्ठी और सम्मेलन का आयोजन किया जाएं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों की तैयारी और सफल आयोजन के लिए आगामी आठ से दस अगस्त तक प्रदेश के सभी जिला और मंडल स्तर पर बैंठकें आयोजित की जाएं। बैठक को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने भी संबोधित किया।

एसीबी–कार्रवाई

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू की टीम ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में आज बिलासपुर के जिला शिक्षा अधिकारी टी.आर. साहू के बिलासपुर और कवर्धा स्थित ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ अनुपातहीन संपत्ति की शिकायतों की जांच–पड़ताल करने के बाद छापेमार कार्रवाई की है। इनके अलावा अन्य अधिकारियों के यहां भी छापे की कार्रवाई किए जाने की खबर है। छापे के दौरान अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

शक्कर कारखाना–भुगतान

कबीरधाम जिले में स्थित भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना राम्हेपुर द्वारा गन्ना किसानों को शत–प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है। कारखाना द्वारा किसानों को अब तक एक सौ तेरह करोड़ बावन लाख रूपए का भुगतान किया गया है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि भोरमदेव शक्कर कारखाना द्वारा पेराई सीजन दो हजार तेईस–चौबीस के तहत गन्ना किसानों को पूरा भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि किसानों को जल्द ही रियायती दर पर पचास किलो शक्कर भी दी जाएगी।

हरेली

छत्तीसगढ़ की सभ्यता और संस्कृति पर आधारित लोकपर्व 'हरेली' कल प्रदेशभर में मनाया जाएगा। मान्यता के अनुसार सावन माह की अमावस्या को मनाए जाने वाले हरेली पर्व पर किसान अपने कुल देवता और खेती में उपयोग किए जाने वाले औजारों की पूजा करते हैं। इस दिन बच्चे और युवा गेड़ी चढ़ने का आनंद भी लेते हैं।

इस मौके पर कल मुख्यमंत्री निवास में भी परंपरागत तरीके से हरेली का त्यौहार मनाया जाएगा। इसके लिए जोर–शोर से तैयारियां की जा रही हैं। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा परंपरागत खेलों का आयोजन किया जाएगा। कर्मा, राउत नाचा के सुंदर गीतों और लयबद्ध नृत्य के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। साथ ही डंडा, भौंरा और बाटी जैसे खेल भी आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने हरेली के पूर्व अपने संदेश में प्रदेश के नागरिकों से कहा है कि वे धरती मां का श्रृंगार करने एक पेड़ जरूर लगाएं। इस दिन पूरे प्रदेश में लोग पौधे लगाएंगे।

इस बीच, विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व के तहत कल हरियाली अमावस्या के दिन पाट जात्रा पूजा माँ दंतेश्वरी मंदिर के सामने सम्पन्न किया जाएगा।

वन महोत्सव

राजस्व और खेल मंत्री टंकराम वर्मा कल बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के लवन में वन विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत मंत्री श्री वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने करीब पांच सौ पौधे लगाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खेल मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ को हरियर प्रदेश बनाने के लिए खेत–खलिहान और जहां भी खाली जमीन मिले वहां पेड़ जरूर लगाएं।

स्वच्छता दीदी–राशि जारी

राज्य सरकार ने नगरीय निकायों में कार्यरत् स्वच्छता दीदियों और स्वच्छता कमांडोज के मानदेय के लिए पच्चीस करोड़ छियासी लाख रूपए की राशि जारी है। इस राशि से उन्हें जुलाई, अगस्त और सितंबर का मानदेय दिया जाएगा।

गौरतलब है कि मिशन क्लीन सिटी के तहत प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में नौ हजार से अधिक स्वच्छता दीदियां और करीब दो हजार स्वच्छता कमांडोज काम कर रही हैं।

बस्तर ओलंपिक–समीक्षा

खेल संचालक तनूजा सलाम ने कल जगदलपुर में बस्तर संभाग के सभी खेल अधिकारियों की बैठक लेकर बस्तर ओलंपिक की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान श्रीमती सलाम ने खेल और युवा कल्याण विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग में खेलों की नैसर्गिक प्रतिभाएं उपलब्ध हैं, उन्हें खेलों का प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा को तराशने का हरसंभव प्रयास करें। श्रीमती सलाम ने बताया कि खेल और युवा कल्याण विभाग के रिक्त पदों पर जल्द से जल्द भर्ती की कार्रवाई की जाएगी।

अपने बस्तर प्रवास के दौरान खेल संचालक ने जगदलपुर में संचालित हॉकी खेलो इंडिया सेंटर और जगदलपुर में प्रस्तावित सिंथेटिक हॉकी टर्फ के लिए स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रियदर्शनी स्टेडियम में खेल सुविधाओं और प्रशिक्षण केन्द्रों में खिलाड़ियों से मुलाकात की तथा व्यायाम शिक्षकों से जिले में संचालित खेल गतिविधियों और प्रशिक्षण का जायजा लिया।

माओवादी–मुठभेड़

नारायणपुर जिले में पुलिस और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटनास्थल से पुलिस ने पाईप और कुकर बम बरामद किया है, जिसे बम निरोधक दस्ते की टीम ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र से डीआरजी, जिला पुलिस बल, बीएसएफ और बीडीएस की संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इस दौरान कच्चापाल पहाड़ के ऊपर पहले से घात लगाए बैठे माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख माओवादी जंगल की आड़ लेकर भाग गए।

मौसम

मौसम विभाग ने कल प्रदेश के एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। भारी वर्षा का मुख्य क्षेत्र उत्तर छत्तीसगढ़ संभावित है।

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश में आज भी कई जगहों पर रूक–रूक बारिश होने की खबर है। खासकर मध्य और उत्तरी छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

इस बीच, धमतरी जिले में स्थित गंगरेल बांध के दो गेट खोल दिए गए हैं। इस बांध से तीन हजार से अधिक क्यूसेक पानी महानदी में छोड़ा जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

– मुख्य सचिव अमिताभ जैन से कल मंत्रालय में विश्व बैंक के अधिकारियों की टीम ने ''चिराग परियोजना'' के संबंध में मुलाकात की। इस दौरान मुख्य सचिव ने बताया कि चिराग परियोजना का प्रदेश में बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है।

– प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज रायपुर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुधारने की मांग की।

– राजनांदगांव जिला जेल में नवा बिहान मिशन कार्यक्रम के तहत बंदियों के लिए दस दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण शिविर और प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता छियालीस प्रतिभागी शामिल हुए।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>